फिल्म इंडस्ट्री का नया केंद्र बन रहा उत्तर प्रदेश : अनुराग ठाकुर

- योगी सरकार की फिल्म नीति और छूटों से उद्योग जगत है प्रोत्साहित, फिल्म कलाकारों ने कहा-यूपी में माहौल बदला

400 से अधिक फिल्मों के निर्माण के प्रस्ताव राज्य सरकार को मिले हैं

100 करोड़ रुपये से केसी बोकाड़िया बनाएंगे लखनऊ में स्टूडियो

मीडिया और मनोरंजन पर आयोजित सेमिनार में खेल, युवा मामलों व सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को स्मृति चिह्न देते प्रमुख गृह व सूचना संजय प्रसाद, साथ में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अभिनेत्री व सांसद हेमा मालिनी, फिल्म निर्माता केसी बोकाड़िया, कोमल नाहटा, अभिनेता व सांसद रवि किशन, सतीश कौशिक व मधुर भंडारकर ● जागरण

का अनुभव कराया जा सकता है। आरआरआर जैसी क्षेत्रीय फिल्में वैश्विक स्तर पर पहचान बना सकती हैं। सांसद अभिनेत्री हेमा मालिनी ने कहा कि मुंबई के लोग यहां आना चाहते हैं, इस प्रदेश ने फिल्म जगत को कई कलाकार दिए हैं। यूपी में फिल्म और स्टूडियो बनने से युवाओं को मौके मिलेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को पर्दे के पीछे भी करियर है, उसके विषय में भी सोचना चाहिए।

अभिनेता और गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब गोवा से भी अधिक शूटिंग हो रही है। जेवर में फिल्म सिटी तो बन रहीं है, इसके साथ क्षेत्रीय फिल्म सिटी पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने बताया कि नोएडा में एक हजार एकड़ में फिल्म सिटी बन रही है, जल्द ही इसकी बिड होगी। प्रदेश में 400 से अधिक फिल्म बनाने का प्रस्ताव मिल चुका है। अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसा माहौल बना है कि हर कोई यहां फिल्म बनाने के लिए इच्छुक है। यहां संभावनाएं अपार हैं। अभिनेता और निदेशक सतीश कौशिक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अभी थियेटर कम हैं, अब लोगों तक थियेटर पहुंचाने की दिशा में काम करना होगा। इसमें 500 करोड़ निवेश से 500 से अधिक थियेटर बनाएंगे। फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर ने कहा कि योगी सरकार ने फिल्म के साथ ओटीटी में छूट और सुविधा दी है, इससे प्रदेश में कई फिल्में बनेंगी। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट कोमल नहाटा ने कहा कि लखनऊ तहजीब का शहर है, यहां फिल्मी कलाकार निश्चित तौर पर आना चाहेंगे। प्रदेश सरकार और फिल्म बंधु को उन्होंने पांच में पांच स्टार दिए। फिल्म निर्देशक केसी बोकाड़िया ने कहा कि उन्होंने यहां सिग्नेचर फिल्म की शूटिंग की है। लखनऊ में वह 100 करोड़ रुपये के निवेश से स्टूडियो खोलेंगे। इसकी योगी सरकार से बात चल रही है। सत्र में दैनिक जागरण के राज्य संपादक (उत्तर प्रदेश) आशुतोष शुक्ल ने भी अपनी बात रखी।